>

Title: Regarding development of facilities and beautification of 'Pitambara Devi' temple in Datiya, Madhya Pradesh -laid.

श्रीमती संध्या राय (भिंड): मैं माँ पीताम्बरा पीठ अंतर्गत (पीताम्बरा माई) की भूमि दतिया, भिण्ड लोकसभा से आती हैं। यह वर्ष 1935 में मध्य प्रदेश राज्य के दतिया शहर में स्थापित एक प्रसिद्ध दिव्य हिन्दू मंदिर परिसर है। यह पीठ 5000 वर्ष से भी अधिक पुराना है, जो मध्य प्रदेश सरकार के पुरातत्व विभाग में शामिल है। यह मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था एवं विश्वास से जुड़ा हुआ है। यहाँ लाखों-करोड़ों की संख्या में दर्शनार्थी एवं साधक माता के दिव्य दर्शन हेतु आते हैं। जहां आम सुविधाओं का घोर अभाव है।

मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि इस पवित्र धार्मिक स्थल में दर्शनार्थियों हेतु आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जायें एवं इस धार्मिक स्थल का सौंदर्गीकरण कार्य किया जाए।